न्यूज डायरी

चार लाख बीस हजार रुपये ठगी में प्राथमिकी दर्ज

शिवाला कलां-चांदपुर। चांदपुर मोहल्ला मुफ्ती सराय निवासी इकबाल अहमद ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में थाना चांदपुर अंतर्गत दो युवकों के विरुद्ध विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख बीस हजार रुपये ठगी का आरोप लगाया था। इसमें बताया कि सात माह चांदपुर के मोहल्ला चाहसंग पत्थर कुआं निवासी आजाद व मोहल्ला मुफ्ती सराय टावर वाली गली निवासी इरशाद ने उसके बेटे को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख बीस हजार रुपए ठग लिए थे। एसपी के आदेश पर थाना चांदपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई है। विवेचना थाना प्रभारी सुधीर पंवार ने बताया कि जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संवाद



नजीबाबाद में आयोजित शिविर में फार्म भरते नए मतदाता। फोटो: संवाददाता

कांग्रेस ने छूटे और नए मतदाताओं के फार्म भरवाए

नजीबाबाद। नगर कांग्रेस कमेटी ने विशेष शिविर में एसआईआर में छूटे और नए मतदाताओं के नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज बूथ पर फार्म भरवाए। जिला कांग्रेस कमेटी किसान की अध्यक्ष हैनसिया हरीश सिंह के निर्देश पर आयोजित विशेष शिविर में बीएलओ की मौजूदगी में बूथ की हेल्प डेस्क के माध्यम से फार्म छह भरवाए गए। बीएलओ हमा परवीन, जैबुन्निसा, रीना अग्रवाल, असलम, लईक अहमद, फरहाना ने सहयोग किया। कांग्रेस कमेटी ने नए मतदाताओं की सूची में शामिल कराने के लिए विशेष संपर्क अभियान भी चलाया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहंस कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी उपस्थित रहे। संवाद

नींदड़ू खास में युवाओं ने भरा मतदाता बनने का फार्म

नींदड़ू। शनिवार को नींदड़ू खास के सात बूथों पर मतदाता सूची में अपने नाम शामिल कराने के लिए 18-19 आयु वर्ग के 30 युवाओं ने फॉर्म संख्या-6 भरे। इनमें 14 पुरुष और 16 महिलाएं शामिल हैं। सुपरवाइजर सिराजुद्दीन ने बताया कि 24 अक्तूबर को विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नींदड़ू खास के प्राथमिक विद्यालय प्रथम एवं द्वितीय के बूथ संख्या – 220 पर आठ, 221 पर नौ, 222 पर छह, 223 पर 21, 224 पर सात और 226 पर चार व्यक्तियों ने मतदाता बनने हेतु फॉर्म संख्या-6 भरे। फॉर्म संख्या-7 के तहत 28 नाम सूची से हटाए गए। 17 अक्तूबर को इन बूथों पर केवल 18 व्यक्तियों ने मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म संख्या -6 भरे थे। 18-19 आयु वर्ग के छह पुरुष और दो महिलाओं ने पहली बार मत डालने के लिए अपने फॉर्म भरे, जबकि आठ व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए गए। संवाद

मुस्सेपुर पाली में एंटी लार्वा छिड़का, 91 मरीजों की जांच

संक्रमण फैलने की सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, हेपेटाइटिस सी के पांच पॉजिटिव मिले

संवाद न्यूज एजेंसी

नहटौर। ग्राम मुस्सेपुर पाली में संक्रमण फैलने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 91 मरीजों की जांच की। वहीं, गांव की नालियों में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया।

सीएचसी अमित श्रीवास्तव के अनुसार, राजवीर सिंह की बैठक पर लगाए गए शिविर में 54 महिलाओं, 28 पुरुषों और सौ बच्चों की डेंगू, मलेरिया तथा हेपेटाइटिस बी और सी की जांच की गई। जांच में डेंगू, मलेरिया और हेपेटाइटिस बी का कोई पॉजिटिव मरीज नहीं मिला, जबकि हेपेटाइटिस सी के पांच मरीज पॉजिटिव पाए गए।

शिविर में पहुंचे मरीजों को वायरल बुखार, नजला, जुकाम और खांसी आदि की दवाएं दी गईं। इस दौरान डॉ. अनम रईस, डॉ. अहमिर, फार्मेसिस्ट हेमंत कुमार, स्टाफ नर्स नीता, एलटी दक्ष कुमार और बीसीपीएम राजेश कुमार मौजूद रहे।

उधर, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुश्री गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने गांव का दौरा किया। टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उन्हें संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए। गांव के कंपोजिट विद्यालय में भी बच्चों को साफ-सफाई रखने और संक्रमण से बचने के प्रति जागरूक किया गया। टीम में एएमओ आशुतोष कुमार और डीएसओ डॉ. प्रतीक किशोर शामिल रहे।



नहटौर क्षेत्र के मुस्सेपुर में एंटी लार्वा का छिड़काव करते कर्मचारी। फोटो : विभाग



मुस्सेपुर में ग्रामीणों से जानकारी लेती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : विभाग

रोडवेजकर्मियों ने डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की

बिजनौर। रोडवेज बस अड्डों और शहर के प्रमुख स्थानों से डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर परिवहन निगम के कर्मचारियों ने आवाज उठाई है। कर्मचारियों ने बिजनौर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीयकृत मार्गों, एक्सप्रेस-वे और निर्धारित रूटों पर नियमों के विरुद्ध चल रहे निजी वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम जनहित में यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करता है। बिजनौर सहित मुरादाबाद मंडल में रोडवेज बस अड्डों के आसपास से स्थानीय मार्गों के साथ लंबी दूरी के रूटों पर भी अनधिकृत वाहन चल रहे हैं। कई स्थानों पर अवैध स्टैंड भी बना लिए गए हैं। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष बलराज सिंह, शाखा मंत्री अरविंद शर्मा, गुरबाज सिंह, राजेश कुमार, शाहबुद्दीन, गुरमीत, विकास, चंद्रप्रकाश, सुशील, मलखान सिंह, कासिफ, शाहनवाज आदि कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

संवाद न्यूज एजेंसी

कोतवाली देहात। ग्राम चरूकी स्थित एक कैटरिंग हॉल में भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बिजनौर जिले की सभी आठ सीटों पर जीत हासिल करने का संकल्प लिया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष खटवीकि ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते देश और प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहे हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसोदिया ने कहा कि भाजपा 300 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के आयोजक करणपाल सिंह और जिला पंचायत सदस्य संयोगिता भड़ियार ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता मास्टर बलराम सिंह ने तथा संचालन मास्टर ओमकार सिंह ने किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, सुधीर भुईयर, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष पीयूष राज, राहुल चौधरी, गजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र प्रधान, पंकज राठी, संजीव प्रधान, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



बरूकी में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण। संवाद

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION, Raipur (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(1st Call)

NIT NO:316/Yojna/RMC/2026 **RAIPUR DATED 16/10/2026**

Online bids are invited for the following works of works up to 12/11/2026 at **17:30 hours.**

Sr. No	System Tender No.	Name of Work	Probable Amount of Contract	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor /firm	Time allowed for Completion
1	202375	Construction of 4500KL/25 M Staging Height RCC Over Head Tank, Providing, Lowering, Laying, Jointing and testing Clear water Pumping, Providing, Lowering, Laying, Jointing & Testing Distribution system with House Service Connection & PLC/SCADA at SADDU AREA, Raipur.	2911.25 Lakhs (Form-A)	₹3000.00 (Rupees Three Thousand only)	**₹5.00 Lakhs (Rupees Five Lacs only**	Class "A"	24 Months including Monsoon & 3 Months Trail Run

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **21/10/2026, 17:30 Hours** (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE:-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details
4. Mobile number - 8878161768

EXECUTIVE ENGINEER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

Clean City, Green City, Dream City

रोटरी क्लब रायल्स ने निकाली पोलियो फिट इंडिया जन जागरण रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

धामपुर। रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स के कार्यकर्ताओं की ओर से शनिवार को नगर में पोलियो फिट इंडिया जन जागरण रैली निकाली गई। इस मौके पर कार्यक्रम में सहयोग करने वाली कई सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में फैलने वाले पोलियो के वायरस को खत्म कर विश्व को संदेश व स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागृत करना था।

कन्या इंटर कॉलेज से निकली रैली में रोटरी मंडल 3100 मुरादाबाद पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन दीपक बाबू, बतौर मुख्य अतिथि मैडम अंजनी कुमार चतुर्वेदी, पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, क्लब अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सचिव पराग अग्रवाल,संपेजक सुनील गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन गौरव माहेश्वरी, डायरेक्टर पल्स पोलियो कमेटी डॉ. अंकुर वर्मा, हनुमत सेवा भक्ति प्रचार मंडल, होम्योपैथी संगठन, प्रेस क्लब पंजीकृत धामपुर, रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर आदि शामिल रहे।

कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग किया। अतिथियों ने हरी झंडी दिखा से रैली का शुभारंभ किया। रैली मुख्य मार्गों से होती हुई कन्या इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। रैली को सफल बनाने में गौरव अग्रवाल, मुदित बंसल, वैभव अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ,सरदार रविंद्र सिंह, अनिल गोयल, राजीव गुप्ता, विवेक जैन, वैभव अग्रवाल का योगदान रहा।



पोलियो उन्मूलन जागरूकता रैली निकालते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। फोटो : स्वयं



स्योहारा में पोलियो उन्मूलन जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। संवाद

पोलियो उन्मूलन के लिए निकाली जागरूकता रैली

स्योहारा। रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की ओर से शनिवार को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "दो बूंद जिंदगी की" रैली निकाली गई। चाचरी देवी शिक्षण संस्थान से रैली का शुभारंभ हुआ। रैली पंचमुखीमंदिर, मुख्द्वार, शिवाजी मार्केट, शाही मार्केट और स्टेशन रोड से होते हुए वार्ड मेहरानिटी नर्सिंग होम पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में अलफलाही इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट और थापजी देवी शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं कैनर और होर्डिंग लेकर चल रहे थे। बच्चों ने 'पोलियो को भगाना है, भारत को पोलियो मुक्त बनाना है' जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। क्लब पदाधिकारियों ने पोलियो उन्मूलन और बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार वर्मा, डॉ. शशांक वर्मा, अध्यक्ष कांता प्रसाद पुष्पक, सचिव हरिओम सिंह हैरी, डॉ. रिजवान चौधरी, समीर रस्तोगी, धितिज अग्रवाल, अक्षय जैन, आकाश जैन आदि मौजूद रहे। संवाद

भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले के कार्यालय का शुभारंभ

नजीबाबाद। पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज खेल मैदान के निकट वरिष्ठ भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले के कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया।

भारतेंद्र सिंह ने मिशन 2027 के लिए बूथ स्तर के संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने, भाजपा की आर्थिक, सामाजिक नीतियों और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिलाने की सलाह दी। अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने कहा कि अगर भाजपा उन्हें विधानसभा से जिम्मेदारी देती है तो वे पार्टी नीतियों के अनुरूप सर्व समाज हितों और चहुंमुखी विकास कार्यशैली में शामिल रहेंगे।

इस अवसर पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि, भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्पेंद्र चौहान, पूर्व एमएलसी सुबोध पराशर, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुधीर भुईयर, राजीव अग्रवाल, बलराज त्यागी, आतुल रहेजा, शायरी निराला, मनीष सैनी आदि उपस्थित रहे। संवाद



नजीबाबाद में प्रवनेश अग्रवाल के कैंप कार्यालय का उद्घाटन करते भारतेंद्र सिंह। फोटो : स्वयं

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
ए-3 चौधरी कालोनी, गढ़रोड, मेरठ

ई-निविदा सूचना दिनांक 20/10/2026

इस कार्यालय के पत्रांक निर्माण खण्ड/मेरठ/निविदा/2026-999 दिनांक 26.09.026 द्वारा दिनांक 22.10.2026 को आमन्त्रित निविदा एकल निविदा प्राप्त होने के कारण पुनः ई-निविदा दिनांक 09.11.2026 को सायं 5.00 बजे तक आनलाईन आमन्त्रित की जाती है। आनलाइन निविदा www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25.10.2026 को अपराह्न 2.00 बजे से दिनांक 09.11.2026 की शाम 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 10.11.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे खोली जायेगी एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड दिनांक 10.11.2026 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की दशा में अगले कार्य दिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार ही तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोली जायेगी। शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

उप निर्देशक (निर्माण)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, काँधला, जनपद शामली

पत्रांक 756/ ई-निविदा/न०प०परि०काँ०/2026-27 दिनांक:- 24/10/26

"ई-निविदा सूचना"

नगर पालिका परिषद, कांधला में वित्तीय वर्ष में 15वीं वित्त आयोग (अनटाईड / टाईड फण्ड) / 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क / अवस्थापना विकास निधि, राज्य वित्त आयोग व नगरीय क्षेत्र / फोखर / तालाब संरक्षण योजना के अन्तर्गत के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराए जाने वाले कार्यों हेतु दिनांक 13/11/2026 समय अपराह्न 12:00 बजे तक ई-टैंडरिंग के माध्यम से www.etender.up.nic.in पर निविदाएं रजिस्टर्ड श्रेणी के समस्त ठेकेदार/अधिकृत फर्म/ इच्छुक ठेकेदारों से शर्तों / नियम के अधीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in व www.shamli.nic.in पर दिनांक 24/10/2026 से 13/11/2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है तथा पंजीकृत अधिकृत फर्म / ठेकेदार दिनांक 13/11/2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक ऑनलाइन अपनी निविदा दरें डाल सकते हैं। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद कांधला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

E-BID REFERENCE	05/15वीं वित्त आयोग (अनटाईड / टाईड फण्ड)/ राज्य वित्त अयोग/पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत 2026-27
PUBLISH AND TIME FOR RFP	24/10/2026 at 04:00 PM
LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION	13/11/2026 at 12:00 PM
PLACE OF OPENING OF E-BIDS	Nagar Palika Parishad, Kandhla
E-Bids Security	प्रत्येक निविदा हेतु धरोहर व जमानत धनराशि (FDR/TDR/CDR/BG/EMD में)
E-Tender Document Processing	टैंडर मूल्य के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देखें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कांधला जनपद शामली

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कांधला जनपद शामली

भुगतान नहीं तो बिलाई मिल को गन्ना नहीं देंगे किसान : नितिन सिरोही

बिजनौर। बिलाई शुगर मिल से गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की मांग को लेकर भाकियु अराजनीतिक ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। संगठन जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में शनिवार पदाधिकारियों ने भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए जिला गन्ना अधिकारी से मिले।

उन्होंने अपर मुख्य सचिव गन्ना एवं चीनी उद्योग को संबोधित एक ज्ञापन डीसीओ को सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन ने बकाया भुगतान को लेकर आश्वासन देने के बावजूद अभी तक लिखित शपथ पत्र नहीं दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि जिलाधिकारी के समक्ष मिल प्रबंधन ने पिछले पेराई सत्र का पूरा बकाया भुगतान चीनी मिल चालू होने से पहले करने का आश्वासन दिया था।

साथ ही आगामी पेराई सत्र में गन्ना मूल्य का भुगतान निर्धारित 14 दिन की समयसीमा में करने संबंधी शपथ पत्र देने की बात कही गई थी। जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि तीन गन्ना क्रय केंद्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करना किसानों की नाराजगी दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार बालियान, जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, जिला सचिव अंकुश कुमार, देवानंद और कपिल कुमार आदि शामिल रहे। संवाद

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

मण्डल कार्यालयः एआरएमबी, बंसत विहार कॉलोनी निकट तहसील कार्यालय, बैराज रोड, बिजनौर (उ0प्र0)- 246701, ईमेल- cs8204@pnb.co.in

नीलामी सूचना
E-Auction के द्वारा

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत बैंक के प्रभार में दी गई चल एवं अचल सम्पत्तियों का विक्रय अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन आधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का अधिपत्य ग्रहण कर लिया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत बैंक के देय की वसूली के लिए निम्नलिखित मामलों में बैंक के प्रभार में दी गई अधोलिखित सम्पतितयों की जहां भी है और जैसा भी है स्थिति में है– नीलामी की जाएगी।

क्र0 सं0	शाखा/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधक)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख बी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस के अनुसार बकाया रकम सी) 30.09.2026 तक मौजूदा बकाया रकम डी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तारीख ई) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक कब्जा	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/समय	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	**शाखा एआरएमबी, बिजनौर** **ऋणी फर्मः** मैसर्स एल्क एंटलर एक्सपोर्ट हाउस, **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ताः** श्री मौहम्मद रोशन बिलाल पुत्र श्री मौहम्मद हासिम, **गारन्टरः 1.** श्रीमती सबिहा बिलाल पत्नी श्री मौहम्मद रोशन बिलाल, **2.** श्री मौहम्मद अहमद पुत्र श्री नूर अहमद एवं **गारन्टर एवं बंधककर्ताः** मैसर्स पीएसएस के पार्टनर्स के माध्यम से।	बंधक आवासीय सम्पत्ति स्थित ग्राम- दरियापुर, परगना एवं तहसील- नजीबाबाद, माप क्षेत्रफल 501.86 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामी श्री मौहम्मद रोशन बिलाल पुत्र श्री मौहम्मद हासिम एवं श्री इनामुल हक पुत्र श्री मौहम्मद हासिम, बही नं0 1, जिल्द नं0 5977, दस्तावेज नं0 2874, पेज नं0 383-416, दिनांक 06.03.2013 पर पंजीकृत हैं। सीमाएँः- पूर्वः विक्रेता श्री मुबस्सिर आरिफ की भूमि, पश्चिमः महेन्द्र सिंह की भूमि। उत्तरः विक्रेता श्री मुबस्सिर आरिफ की भूमि, दक्षिणः 20 फीट चौड़ा रास्ता,	(ए) 28.02.2023 (बी) रू0 4,05,17,636.36 + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 01.02.2023 (सी) रू0 4,47,68,000 + अन्य खर्चे + प्रभावी ब्याज दिनांक 01.10.2024 व्यय वसूली यदि कोई हो (डी) 23.05.2023 (ई) भौतिक कब्जा	रू0 67,62,000/- रू0 6,76,200/- रू0 1,00,000/-	**27.11.2026** सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
2	**शाखा एआरएमबी, बिजनौर** श्री अनिल कुमार पुत्र श्री भरत सिंह**(ऋणी/बंधककर्ता)**। श्रीमती सरस्वती पत्नी अनिल कुमार **(सह-ऋणी)** एवं श्री सुनील पाल पुत्र श्री फूल सिंह पाल **(गारन्टर)।**	बंधक आवासीय सम्पत्ति स्वामी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री भरत सिंह, स्थित ग्राम तातरपुरलालू, नजीबाबाद बिजनौर (उ.प्र.) माप 100.65 वर्ग मीटर, बही नं. 1, जिल्द नं. 7480, पेज 157-178, क्रमांक नं. 16894, दिनांक 08.12.2015 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस नजीबाबाद पर पंजीकृत है। सीमाएँः- उत्तर- गिरीराज जी का मकान, दक्षिण- 12 फीट चौड़ी रोड, पूर्व- अन्य का प्लॉट, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट।	(ए) 02.01.2023 (बी) रू0 22,69,228/- + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 31.12.2019 (सी) रू0 42,37,166/- + अन्य खर्चे + प्रभावी ब्याज दिनांक 30.12.2025 (डी) 29.07.2021 (ई) भौतिक कब्जा	रू0 11,75,000/- रू0 1,17,500/- रू0 1,00,000/-	**27.11.2026** सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
3	**शाखा एआरएमबी, बिजनौर** मैसर्स कल्याण ट्रेडर्स **(ऋणी फर्म),** श्री भीम सिंह पुत्र श्री राम औतार सिंह **(प्रोपराइटर/उधारकर्ता)**, श्री राम औतार सिंह पुत्र श्री शिव दास सिंह **(गारंटर/बंधककर्ता)**।	बंधक सम्पत्ति स्थित ग्राम राजपुर, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर (श्री राम औतार सिंह पुत्र श्री शिव दास सिंह के नाम पर), कुल क्षेत्रफल 282.40 वर्ग मीटर। उक्त संपत्ति बही संख्या 01, जिल्द संख्या 9735, पृष्ठ संख्या 375 से 396, क्रमांक संख्या 24313, दिनांक 17.12.2015 को उप-पंजीयक कार्यालय धामपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.) में दर्ज है। सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्वः क्रेता की आराजी, पश्चिमः सुरेन्द्र सिंह का प्लॉट, उत्तरः राजपाल सिंह का मकान, दक्षिणः 11 फीट चौड़ा रास्ता, तत्पश्चात ज्ञानेन्द्र सिंह का मकान।	(ए) 22.03.2022 (बी) रू0 26,39,464.38/- + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 01.02.2022 (सी) रू0 35,62,085.38/- + प्रभावी ब्याज दिनांक 31.12.2025 (डी) 01.06.2023 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 31,43,000/- रू0 3,14,300/- रू0 1,00,000/-	**27.11.2026** सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
4	**शाखा एआरएमबी, बिजनौर** श्री अमित कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह **(ऋणी एवं बंधककर्ता)** एवं श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री नत्थू सिंह **(गारन्टर)**।	बंधक सम्पत्ति स्थित मौहल्ला- चार बाग, नजीबाबाद, बिजनौर (उ0प्र0), माप क्षेत्रफल 117.09 वर्ग मीटर (सम्पत्ति स्वामी श्री अमित कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह), बही नं0 1, जिल्द नं0 7417, पेज नं0 223-246, क्र0सं0 15043, दिनांक 19.10.2015 पर पंजीकृत है। सीमाएँः- उत्तरः 8 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः शफीक अहमद की सम्पत्ति, पूर्वः फरीदा बेगम एवं नईम अहमद की सम्पत्ति, पश्चिमः साजिद अली की सम्पत्ति।	(ए) 07.03.2019 (बी) रू0 23,42,059/- + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 31.12.2017 (सी) रू0 48,25,502/- + अन्य खर्चे + प्रभावी ब्याज दिनांक 31.12.2025 (डी) 18.10.2019 (ई) भौतिक कब्जा	रू0 10,89,000/- रू0 1,08,900/- रू0 25,000/-	**27.11.2026** सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं

ई-नीलामी '' जहाँ है जैसी भी है'' स्थिति में की जाएगी और यह ई-नीलामी ऑनलाइन की जाएगी; ई-नीलामी बैंक द्वारा वेब पोर्टल **https://baanknet.com, support.baanknet@psballiance.com.** के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाईन ई-नीलामी बोली प्रलेख, घोषणा और ऑनलाइननीलामी विक्रय के सामान्य नियसम व शर्तो से सम्बन्धित ई-नीलामी टेंडर प्रलेख **https://baanknet.com, support.baanknet@psballiance.com.** पर उपलब्ध है। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार उक्त सम्पत्तियसों पर कोई प्रभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीकर्ता ई-नीलामी में बेची जाने वाली सम्पत्तियों पर किसी भी तरह के प्रभार, उनके स्वामित्व एवं सम्पत्तियों को प्रभावित करने वाले उन पर देय दावों/अधिकार/बकाया राशि के विषय में अपनी स्वत्रंत पुछताछ कर के स्वयं सतंष्ट हो लें। यह ई-नीलामी का विज्ञानल न तो बैंक की कोई प्रतिबद्धता है और न तो कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व मानी जाएगी, उक्त सम्पत्ति उस पर बैंक के सभी वर्तमान प्रभावी प्रभार, चाहे वो बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी /सुरक्षित ऋणदाता किसी भी प्रकार के दावों/अधिकार/बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगें। यह विक्रय वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियम/शर्तों के अधीन होगें। ई-नीलामी के अन्य नियम एवं शर्ते वेबसाइट **https://baanknet.com, support.baanknet@psballiance.com.** पर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए मंडल कार्यालय एआरएमबी बिजनौर से **सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधकः श्री अभिनव कुमार, मो0 नं0 9873100792 एवं अधिकारीः श्री शौकीन, मो0 नं0 9897342327** सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना है। ऋणकर्ता/गारन्टरों को अधिसूचित किया जाता है कि वह ई-नीलामी की तिथि से पूर्व अपडेट ब्याज व सहायक खर्चो के साथ ऊपर निर्दिष्ट राशि बैक को लौंटा दें। अन्यथा सम्पत्ति को नीलाम/बेच दिया जायेगा और शेष बकाया राशि यहिद कोई है कोब्याज व लागत के साथ वसूला जायेगा। अधिकतम बोली लगाने वाले को बोली/बिक्री राशि का 15% प्रतिशत संबंधित ईएमडी खाता सं. में जमा करना होगा, अग्रधन राशि इसी 15% में समायोजित कर ली जायेगी। यदि निर्धारित समय में 25% राशि जमा नहीं होती है, तो अग्रधन राशिजमा कर ली जायेगी तथा समपत्ति पुनः बेची जायेगी। सफल प्रतिभागी को शेष 75% राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि निर्धारित समय पर 75% राशि जमा नहीं होती है तो 25% राशि भी जब्त कर ली जायेगी तथा सम्पत्ति पर प्रतिभागी का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

दिनांकः 23.10.2026 **स्थान – बिजनौर** **प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार**